समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करे:योगेश अग्रवाल.9810366590
नवभास्कर न्यूज
खबर हर पल की
Email:yogeshaggarwal37@gmail.com

अग्रवाल कालेज में दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

नवभास्कर न्यूज.फरीदाबाद 29 जून: अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अर्थशास्त्र विभाग एवं एस.डी.जी क्लब द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय "सतत विकास लक्ष्य एवं उच्च शिक्षा संस्थान" रहा।सम्मेलन का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बाहर से आए विशेषज्ञों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अपने कहा की भारतीय दर्शन का मूल "वसुधैव कुटुंबकम" है। उन्होंने कहा कि सतत विकास समय की मांग है और उच्च शिक्षा संस्थान इसमें अपनी पूरी भूमिका निभा सकते हैं। सम्मेलन के प्रथम दिन कुल 130 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण करवाया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रोफेसर राज नेहरू, कुलपति विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पधारे। उन्होंने बताया कि भारत में सतत विकास का विचार प्राचीन समय से प्रचलित है। उन्होंने सभी सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों को ब्लूम की वर्गीकरण थ्योरी का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और महाविद्यालय को राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने के लिए बधाई दी। डॉ. मनोज शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने सम्मेलन का संक्षिप्त विवरण दिया। डॉ. एस.के.चक्रवर्ती, भूतपूर्व प्रोफेसर, एन. आई. टी कुरुक्षेत्र सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के तौर पर के.के चक्रवर्ती, भूतपूर्व डायरेक्टर, ब्यूरो ऑफ़ एनर्जी एफिशिएंसी पधारे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ।